# आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 26.10.2024** **समय : 07.10pm**

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डॉ एल मुरुगन ने कहा, स्वच्छता अभियान में आम लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।
- दोपहिया सवारों के लिए गैर–अनुपालन वाले हेलमेट बेचते वालों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश।
- इस साल अगस्त में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत 20 लाख 74 हजार नए कर्मचारियों ने कराया नामांकन।

**समाचार विस्तार से:–**

**मनकी बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 27 अक्तूबर को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कडी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क पर होगा। कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी और दूरदर्शन समाचार के साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

**वार्तालाप कार्याशाला**

केंद्रीय सूचना और प्रसारण तथा संसदीय कार्य विभाग में राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता अभियान को घर घर पहुंचा दिया है और आम लोग भी बढ़ चढ़कर इस अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। डॉ मुरुगन आज भोपाल में पत्र सूचना कार्यालय द्वारा नगर निगम के सहयोग से आयोजित **वार्तालापः एक् दशक स्वच्छता का, स्वच्छ भोपाल के लिए विशेष पहल** कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। डॉ. मुरुगन ने कहा कि .....

सांसद आलोक शर्मा ने अपने संबोधन में भोपाल को देश की स्वच्छतम राजधानी बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों की जानकारी दी। महापौर मालती राय ने स्वच्छता में आम लोगों द्वारा की जा रही पहल का उल्लेख करते हुए सहयोग की सराहना की। अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे ने वार्तालाप के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला जबकि नगर निगम आयुक्त ने विस्तृत प्रस्तुतीकरण के जरिए नगर निगम की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

**उपभोक्ता मामले–हेलमेट**

उपभोक्ता मामले खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने सभी जिला कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट को उन निर्माताओं और खुदरा विक्रेताओं के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने का निर्देश दिया है, जो दोपहिया सवारों के लिए गैर–अनुपालन वाले हेलमेट बेचते हैं। विभाग की सचिव निधि खरे ने कहा कि यह पहल बाजार उपभोक्ताओं को भारतीय मानक ब्यूरो–बीआईएस प्रमाणित उत्पादों के बारे में शिक्षित करने के लिए जरुरी है। उन्होंने सभी हितधारकों से  नागरिकों की सुरक्षा के लिए इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया है।

**प्रदूषण बैठक**

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण की भयानक समस्या हर साल पैदा होती है उससे निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें केंद्रीय वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी और उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा तथा दिल्ली के कृषि मंत्री, दिल्ली के वन पर्यावरण मंत्री, राज्यों के मुख्य सचिव और कृषि सचिव सहित प्रमुख अधिकारी इस बैठक में वर्चुअली शामिल हुए। श्री चौहान ने बताया कि पिछले साल से इस साल तक पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में पंजाब में 35 प्रतिशत कमी आई है। हरियाणा में 21 प्रतिशत कमी आई है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि–

**ईएसआई योजना**

इस साल अगस्त में कर्मचारी राज्य बीमा–ईएसआई योजना के अंतर्गत 20 लाख 74 हजार नए कर्मचारियों ने नामांकन कराया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अनुसार अगस्त में 28 हजार 9 सौ 17 नये प्रतिष्ठानों को ईएसआई योजना के दायरे में लाया गया है। पिछले वर्ष अगस्त की तुलना में साल दर साल पंजीकरण में 6 दशमलव आठ–शून्य प्रतिशत की वृद्धि हुई।

**भाजपा कार्यशाला**

प्रदेश भाजपा कार्यालय में आज संगठन पर्व की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यशाला को लेकर मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कहा कि हमे अपने हर त्यौहार का महत्व समझते हुए उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। इस लिए गोवर्धन पूजा की छुट्टी भी घोषित कर दी गई है।

**वोकल फॉर लोकल'**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दीपावली पर सभी के मन में "वोकल फॉर लोकल'' का भाव रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि दीया–बाती बनाने वालों, साफ–सफाई व श्रृंगार की सामग्री बनाने वालों और ऐसी ही गतिविधियों में स्थानीय स्तर पर लगे व्यक्तियों और उनके परिवारों से मिलकर, दीपावली पर्व के उत्साह और उल्लास का प्रकटीकरण होता है। डॉ. यादव ने कहा कि हम सबका यह सामूहिक प्रयास हो कि गरीब और मजदूर परिवार का कोई भी सदस्य भूखा न रहे, सबके जीवन में दीपावली का आनंद हो, हम सामूहिक दायित्व के रूप में **स्थापना दिवस**

प्रदेश का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाने की तैयारी की जा रही है। इस बार स्थापना दिवस पर दीपावली पर्व का संयोग बना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल स्थापना दिवस पर चार दिन के कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की। भोपाल के लाल परेड पर 30 अक्टूबर को विशेष कार्यक्रम में भारतीय सेना की ओर से बैंड प्रदर्शन और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एक नवम्बर को ऐतिहासिक स्मारकों और महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ–सफाई एवं बाजारों में सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। महत्वपूर्ण स्थलों पर 69 दीप जलाए जाएंगे। भोपाल के साथ ही जिलों में भी स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार विभिन्न गतिविधियां सम्पन्न होंगी।
दीपावली का पर्व मनाएं।

**समाचार संक्षेप में .....**

- जबलपुर के एमएलबी स्कूल में दिव्यांगो के लिए आयोजित किए जा रहे ग्यारह दिवसीय दिव्य कला मेला के नौवें दिन राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान द्वारा दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने रोजगार मेला का आयोजन किया गया।
- गुना जिले में डीएपी खाद उपलब्ध कराए जाने को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह को ज्ञापन दिया।
- खरगोन जिले के कलेक्टर ने शासकीय भूखंड पर अवैध उत्खनन करने को लेकर गिट्टी क्रेशर संचालक के विरुद्ध 17 करोड रुपए से अधिक का जुर्माना किया है।
- विदिशा जिले में सिरोंज लटेरी के बीच हुए सडक दुर्घटना में 6 लोग घायल हो गए और एक व्यक्ति के घटना स्थल पर मौत हो गई। गंभीर रूप से घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

**मुख्य समाचार एक बार फिर ....**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन ने कहा, स्वच्छता अभियान में आम लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।
- दोपहिया सवारों के लिए गैर–अनुपालन वाले हेलमेट बेचते वालों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश।
- इस साल अगस्त में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत 20 लाख 74 हजार नए कर्मचारियों ने कराया नामांकन।